कार्यालय जिलाधिकारी लखनऊ।

संख्याः 67 /आर0आर0के0/2026 दिनांकः 13 अप्रैल, 2026

कार्यालय ज्ञाप

जनपद लखनऊ में 05 तहसीलों (सदर, मलिहाबाद, मोहनलालगंज, बी0के0टी0 व सरोजनीनगर) में निहित 07 परगनाओं (मोहनलालगंज, निगोंहा, महोना, लखनऊ, मलिहाबाद, बिजनौर व काकोरी) के समस्त ग्रामों (संख्या–898) का राजस्व रिकॉर्ड/आधारवर्ष रिकॉर्ड यथा खतौनी अधिकार अभिलेख, बन्दोबस्त अभिलेख, चकबन्दी अधिकार अभिलेख आदि, जिसकी संख्या–22,51,696 को स्कैन/डिजिटाइस कर लिया गया है।

उपरोक्त सभी प्रकार स्कैन/डिजिटाइस रिकॉर्ड को नवसृजित वेबसाइट–https://lucknowbhulekh.in के माध्यम से अवलोकित करने एवं प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने की सुविधा रहेगी। तद्क्रम मे दिनांक 15 अप्रैल 2026 से ऑनलाइन मोड से वेबसाइट "https://lucknowbhulekh.in" के माध्यम से ही उपर्युक्त सभी प्रकार के अभिलेखों की प्रमाणित प्रति निर्गत होंगी एवं अवलोकनार्थ उपलब्ध रहेंगे। दिनांक 15 अप्रैल 2026 के उपरांत जिन अभिलेखों का डिजिटाईजेशन किया गया है, उनके हार्डकॉपी अभिलेखागार से निर्गत नही होंगे एवं सिर्फ ऑनलाइन मोड से ही प्रमाणित प्रतिलिपि निर्गत होंगे।

(विशाख जी0)
जिलाधिकारी, लखनऊ।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. समस्त अपर जिलाधिकारी, लखनऊ।
2. समस्त उपजिलाधिकारी/समस्त तहसीलदार, लखनऊ।
3. अध्यक्ष/महामंत्री सेंट्रल बार एसोसिएशन, लखनऊ।
4. अध्यक्ष/महामंत्री अवध बार एसोसिएशन, लखनऊ।
5. अध्यक्ष/महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन, लखनऊ।
6. बार एसोसिएशन, लखनऊ राजस्व परिषद, लखनऊ।
7. बार एसोसिएशन, आयुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
8. प्रभारी अधिकारी, राजस्व अभिलेखागार, लखनऊ।
9. राजस्व अभिलेखापाल, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
10. नोटिस बोर्ड चस्पा हेतु।
11. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. लखनऊ।

जिलाधिकारी,
लखनऊ।

S.O. Ansari
(ADIO)